तापमान
अधिकतम 28.0 डिग्री
न्यूनतम 8.6 डिग्री

हरिभूमि
# हिसार भूमि

रोहतक, शनिवार, 22 नवंबर 2025

10 जेएसएल की हिसार यूनिट को प्लैटिनम पुरस्कार मिला



10 आरएम जाट कॉलेज बना खेल प्रतियागिता का चैंपियन



## खबर संक्षेप

### नगर निगम ने चालान प्रक्रिया ऑनलाइन की

**हिसार।** नगर निगम ने चालान की प्रक्रिया को और अधिक सरल, पारदर्शी और त्वरित बनाने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए सीएसआई और सभी एएसआई को पीओएस मशीनें उपलब्ध करवाई हैं। जिसका शुभारंभ मेयर प्रवीण पोपली और निगमायुक्त नीरज ने किया। इन मशीनों की सहायता से अब कर्मचारी मौके पर ही चालान काट सकेंगे। इस दौरान अतिरिक्त निगम आयुक्त डॉ. प्रदीप हुड्डा, अकाउंट ऑफिसर राधेश्याम, राजकुमार आदि मौजूद थे।

### गुरु जम्भेश्वर विवि में मनाया एनसीसी डे

**हिसार।** गुरु जंभेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में एनसीसी विभाग की ओर से एनसीसी डे उत्साह और अनुशासन के साथ मनाया गया। थर्ड हरियाणा गर्ल्स बटालियन और प्रथम हरियाणा एयर स्क्वाड्रन के कुल 62 कैडेट्स ने भाग लिया और गतिविधियों में नेतृत्व क्षमता, टीमवर्क और अनुशासन का प्रदर्शन किया। एनसीसी कोऑर्डिनेटर डॉ. राजीव कुमार ने बताया कि पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

### आने वाला समय केवल इनेलो का : किरमारा

**हिसार।** इनेलो के प्रदेश सचिव दलबीर किरमारा ने दावा किया है कि प्रदेश में इनेलो का ग्राफ तेजी से बढ़ रहा है। पार्टी में आए दिन वरिष्ठ नेता शामिल होकर अपना विश्वास जता रहे हैं जो यह संकेत है कि आने वाला समय इनेलो का होगा। दलबीर किरमारा ने कहा कि कांग्रेस व भाजपा की नीतियों व मिलीभगत से जनता तंग भी आ चुकी है और इन्हें समझ भी चुकी है। जनता का हर वर्ग भाजपा सरकार की नीतियों से परेशान है। सरकार का इन वर्गों की दुख तकलीफों की ओर कोई ध्यान नहीं है।

### 22 विद्यार्थियों को विधायक ने वितरित की साइकिलें

**हांसी।** राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में शुक्रवार को मुख्यमंत्री साइकिल वितरण योजना के तहत कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें मुख्यमंत्री साइकिल वितरण योजना के तहत विद्यालय के 22 विद्यार्थियों को साइकिलें वितरित की गईं। कार्यक्रम के मुख्यातिथि विधायक विनोद भयाना ने विद्यार्थियों को साइकिलें प्रदान करते हुए कहा कि हरियाणा सरकार शिक्षा के क्षेत्र में बच्चों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए निरंतर प्रयासरत है।

### एआई पर आधारित सेमिनार आज

**हिसार।** चार्टर्ड अकाउंटेंट की संस्था एनआईआरसी हिसार ब्रांच द्वारा 22 नवंबर को एआई पर आधारित सेमिनार का आयोजन किया जाएगा। इस सेमिनार में एआई के विविध पहलुओं पर चर्चा की जाएगी। हिसार ब्रांच के चेयरमैन सीए अमन बंसल ने बताया कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से अकाउंटिंग व ऑडिटिंग में बदलाव व इसके भविष्य पर जानकारी दी जाएगी। आईसीएआई भवन में होने वाले इस सेमिनार में सीए विजय गुप्ता एक्सेल में एआई के प्रयोग पर आधारित जानकारी साझा करेंगे।

### दयानंद महाविद्यालय में नेत्र जांच कैंप आयोजित

**हिसार।** दयानंद कॉलेज में एनसीसी दिवस के उपलक्ष्य में एनसीसी एवं एनएसएस इकाइयों द्वारा निशुल्क नेत्र जांच एवं स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में आईक्यू (अग्निहोत्री) आंखों का अस्पताल की डॉ. अनुषा व उनकी टीम ने निशुल्क नेत्र परीक्षण तथा स्वास्थ्य संबंधी परामर्श प्रदान किए। इस कैंप में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने भाग लिया।

---

## जलभराव के मुद्दे पर पार्षदों ने चेयरमैन सोनू सिहाग पर साधा निशाना

# जिला परिषद हाउस की बैठक में जमकर हंगामा

*आपकी अफसर सुनते ही नहीं और ना आप कोई काम करवा सकते हो : पार्षद*

एडीसी ने पार्षदों से फोन नहीं उठाने वाले ग्राम सचिव व जेई की सूची बनाकर देने को कहा ताकि उनको नोटिस जारी किए जा सकें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

जिला परिषद हाउस की बैठक चेयरमैन सोनू सिहाग डाटा की अध्यक्षता में हुई। बैठक का निर्धारित समय 12 बजे रखा गया लेकिन पार्षद लगभग एक घंटे देरी से पहुंचे। इस दौरान अधिकारी उनका इंतजार करते देखे गए। बैठक शुरू हुए अभी 15 मिनट ही हुए थे कि पार्षदों ने जलभराव के मुद्दे पर हंगामा शुरू कर दिया। पार्षदों ने चेयरमैन सोनू सिहाग डाटा को जमकर खरी-खोटी सुनाई और यहां तक कह दिया कि आपकी अफसर सुनते ही नहीं और ना आप कोई काम करवा सकते हो। पार्षदों ने यहां तक कह दिया कि उनके काम तीन-तीन साल से अटके हुए हैं। पार्षदों ने बैठक में उपस्थित अतिरिक्त उपायुक्त सी जयाश्रद्धा के सामने ग्राम सचिव तथा जेई द्वारा उनके फोन नहीं उठाने का दुखड़ा सुनाया। इस पर एडीसी ने पार्षदों से फोन नहीं उठाने वाले ग्राम सचिव व जेई की सूची बनाकर दें ताकि उन्हें नोटिस जारी किए।



हिसार। जिला परिषद की बैठक में उपस्थित चेयरमैन सोनू सिहाग, एडीसी सी जयाश्रद्धा व अन्य।

### 29 दुकानों की नीलामी करेगी जिप

बैठक में नई सब्जी मंडी में जिला परिषद की दुकानों का मुद्दा उठा। हाउस को बताया गया कि वर्तमान में 29 दुकानें है। दुकानों के बाहर कब्जे हैं। पहले कब्जों को हटवाए जाएगी और उसके बाद उनकी बोली करवाई जाएगी। बैठक में इस एजेंडों को पार्षदों ने पास कर दिया। हाउस को बताया गया कि परिषद को स्टाम्प ड्यूटी के तौर पर 9 करोड़ रुपये की राशि प्राप्त हुई है। उनमें से 2 करोड़ बाढ़ प्रभावित कार्यों में खर्च किए जा चुके है, जबकि बाकी राशि वार्डों में विकास कार्यों पर खर्च होगी। पार्षदों ने गांव में खेल सामान उपलब्ध करवाने का भी एजेंडा रखा।

### स्ट्रीट लाइट लगाने वाली एजेंसी को ब्लैकलिस्ट करें

हाउस की बैठक में कुछ पार्षदों ने स्ट्रीट लाइट का मुद्दा उठाते हुए बताया कि जिला परिषद वार्डों में जिस एजेंसी ने स्ट्रीट लगाई है, उसमें क्वालिटी का ख्याल नहीं रखा। कुल 289 स्ट्रीट लाइट अभी से ही खराब हो चुकी है। पार्षदों ने स्ट्रीट लाइट लगाने वाली एजेंसी को ब्लैक करने की मांग उठाई।

### पार्षदों से मांगे मनरेगा के काम

बैठक में उपस्थित अतिरिक्त उपायुक्त सी जयाश्रद्धा ने हाउस को बताया कि मनरेगा के कामों के लिए 91 करोड़ रुपये का बजट आया हुआ है। ऐसे में पार्षद अपने वार्डों से जुड़े कार्य दे सकते हैं, ताकि उनके कार्य मनरेगा के तहत करवाए जा सके।

### चेयरमैन सिहाग व पार्षद मुंड में बहस

बैठक के दौरान जेजेपी पार्षद सुनील मुंड ने चेयरमैन सिहाग को एक्सीडेंटल चेयरमैन बताया। इस पर चेयरमैन बिफर पड़े और कहा कि मुझे एक्सीडेंटल चेयरमैन ना कहो, मैं जनता के आशीर्वाद और पार्षदों के सहयोग से ही चेयरमैन बना हूं। उन्होंने जेजेपी पार्षद को बीच में टोकते हुए कि इस तरह के शब्दों का प्रयोग करना सही नहीं है। राजनीति करनी है तो बाहर करो। इसके बाद पार्षद प्रतिनिधि मनोज टाक माही ने भी काम नहीं होने की बात कही और कहा कि 2 साल चुनाव को बचे हैं, हमें जनता से दोबारा फिर वोट लेने हैं हमारे काम जो पेंडिंग पड़े हैं उनको किया जाए।

---



हिसार। बैठक को संबोधित करते मेयर प्रवीण पोपली।

## विकास कार्यों के लिए सब कमेटी ने दी 11.64 करोड़ राशि की मंजूरी

- फाइनेंस, कॉन्ट्रैक्ट और परचेज सब-कमेटी की बैठक में महत्वपूर्ण प्रस्तावों को मिली मंजूरी

**हिसार।** नगर निगम के मुख्य सभागार में फाइनेंस, कॉन्ट्रैक्ट एवं परचेज सब-कमेटी की अहम बैठक हुई। मेयर प्रवीण पोपली की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में शहर के विकास कार्यों के लिए सब कमेटी ने 11.64 करोड के विकास कार्यों मंजूरी प्रदान की। बैठक का संचालन निगमायुक्त नीरज ने किया। सबसे पहले निगमायुक्त नीरज ने नगर निगम की आय-व्यय से संबंधित विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की। उन्होंने अलग-अलग परियोजनाओं की आर्थिक स्थिति, चालू कार्यों की प्रगति और भविष्य में प्रस्तावित विकास कार्यों को लेकर समिति सदस्यों को अवगत कराया।

बैठक में सब-कमेटी के समक्ष सबसे महत्वपूर्ण प्रस्ताव बीड़ बबरान-श्यामसुख रोड पर स्थित राजकीय पशुधन फार्म (जीएलएफ) की भूमि पर बनाए जाने वाले सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट की चारदीवारी से संबंधित था। नगर निगम द्वारा लगभग 55 एकड़ 6 कनाल 16 मरले भूमि पर इस चहारदीवारी का निर्माण लगभग 6 करोड़ 30 लाख 56 हजार रुपये की लागत से किया जाना प्रस्तावित था। सभी सदस्यों ने इस प्रस्ताव को सहमति देते हुए पास कर दिया और निर्माण कार्य को मंजूरी प्रदान की।

### मलबे का मुद्दा

सॉलिड वेस्ट प्लांट के अंदर ही विकसित किए जाने वाले सीसी रोड के निर्माण का प्रस्ताव भी कमेटी के सामने रखा गया। इस सड़क के निर्माण पर लगभग 2 करोड़ 64 लाख 22 हजार रुपये खर्च होने का अनुमान है। समिति ने इस प्रस्ताव को भी सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान की और जल्द निर्माण कार्य आरंभ करने के निर्देश दिए। बैठक में नगर निगम क्षेत्र में निर्माण कार्यों से निकलने वाले मलबे की उठान और उसके परिवहन से जुड़े मुद्दे पर भी चर्चा की गई।

---

## गीता भवन में राम कथा का आठवां दिन

# कान वही पवित्र हैं, जो भगवान की कथा सुनते हैं : संत गोपीराम

- देवता भी मानव रूप में आने के लिए तरसते हैं : महाराज

**हिसार।** मोहल्ला रामपुरा स्थित गीता भवन मंदिर में चल रही श्रीराम कथा के आठवें दिन उपस्थित श्रद्धालुओं को प्रवचन देते हुए वृंदावन धाम से आए कथा व्यास संत गोपीराम महाराज ने कहा कि मानव देह मिलना बड़ा कठिन कार्य है। देवता भी मानव रुप में आने के लिए तरसते हैं। ये मानव शरीर ही ऐसा है, मनुष्य चाहे तो इससे अपना भाग्य संवार सकता है। भगवान श्रीराम ने हमें शिक्षा दी है कि मनुष्य को कैसे जीवन गुजारना चाहिए। श्रीराम ने माता-पिता, भाई-बहन, मित्रों व गुरुओं के प्रति आदर-मान करने की प्रेरणा दी। राम कथा हमें जीना सिखाती है। भगवान जन्म नहीं लेते, भगवान का अवतार होता है क्योंकि भगवान पूर्ण रुप से ब्रह्म हैं। उन्होंने कहा कि सृष्टि जब नहीं थी तो भी भगवान थे, सृष्टि है तो भी भगवान हैं और जब सृष्टि नहीं रहेगी तो भी भगवान रहेंगे। राजा रामचंद्र पूर्ण ब्रह्म रुप में भगवान हैं।



हिसार। राम कथा में प्रवचन देते संत गोपीराम महाराज।

## प्रदेश सरकार ने की अधिसूचना जारी

# युवा भाजपा नेता रविंद्र रोकी बने हिसार मार्केट कमेटी के चेयरमैन



रविंद्र रॉकी, चेयरमैन।

- सभी सदस्यों को साथ लेकर मार्केट कमेटी को चलाएंगे।

**हिसार।** भाजपा युवा नेता रविंद्र रोकी को हिसार मार्केट कमेटी का चेयरमैन नियुक्त किया गया है। प्रदेश सरकार की ओर से इस बारे में गुरुवार को अधिसूचना जारी की गई है। रविंद्र रोकी ने भाजपा के शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पार्टी की ओर से दी गई जिम्मेदारी देने के लिए हर कार्यकर्ता व नेता का दिल से धन्यवादी हूं।

जो जिम्मेदारी दी गई है उस पर खरा उतरूंगा। हिसार ब्लाक समिति के वाइस चेयरमैन भाजपा युवा मोर्चा के उपाध्यक्ष एवं जिला कार्यालय सचिव रहे रविंद्र रोकी ने बताया कि पार्टी संगठन की ओर से लिए गए फैसले का सम्मान करता हूं। पार्टी की नीतियों में विश्वास रखने वाले कार्यकर्ताओं को मार्केट कमेटी में जिम्मेदारी दी गई है। उन्होंने बताया कि अनिल कुमार को वाइस चेयरमैन बनाया गया है। रविद्र रोकी ने कहा कि सभी सदस्यों को साथ लेकर मार्केट कमेटी को चलाएंगे। अनाज मंडी, सब्जी मंडी के विकास को लेकर योजना बद्ध तरीके से काम करेंगे।

---

*नारनौंद मार्केट कमेटी के चेयरमैन उदय सिंह लोहान ने संभाला कार्यभार*

# किसानों को मंडी में मिलेंगी तमाम सुविधाएं : लोहान

- सीएम नायब सैनी व पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु का आभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौंद

नारनौंद मार्केट कमेटी के चेयरमैन उदय सिंह लोहान और वाइस चेयरमैन बिजेंद्र शर्मा ने शुक्रवार को कमेटी के कार्यालय में पहुंचकर कार्यभार संभाल लिया है। मार्केट कमेटी की कार्यवाहक सचिव रवि श्योराण ने उनको कार्यभार दिया। अनाज मंडी में किसानों ने उनका जोरदार स्वागत किया गया। साथ ही हरनारायण शर्मा, गोविंद, राजू, सतीश, अंग्रेज, सत्यनारायण जगदीश पूनिया, करण सिंह, खेमचंद, ईश्वर, महेंद्र, जय भगवान, सुशील, ध्यान सिंह, कर्मवीर व पवन को भी मेंबर के रूप में शपथ दिलाई। चेयरमैन मास्टर उदय सिंह लोहान व बिजेंद्र शर्मा ने बताया कि सरकार ने उनको जो जिम्मेदारी सौंपी है। वह उनको पूरी मेहनत व निष्ठा के साथ निभाने का काम करेंगे। उन्होंने प्रदेश मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु का आभार जताते हुए धन्यवाद किया। किसानों को मंडी में सभी सुविधाएं मिलेंगी। लोगों की जो भी कार्य होंगे उनको प्राथमिकता के आधार पर पूरा करवाने का काम करेंगे। मंडी में आने वाले किसान व मजदूर को किसी प्रकार की कोई परेशानी ना हो। इस अवसर पर मार्केट कमेटी के सचिव रवि श्योराण, नपा चेयरमैन शमशेर कूकन, एडवोकेट दीपक लोहान, मनोज लोहान, मास्टर सतबीर सिंह आदि विशेष तौर पर मौजूद थे।



नारनौंद। मार्केट कमेटी में कार्यभार संभालते चेयरमैन उदयसिंह लोहान व वाइस चेयरमैन विजेंद्र शर्मा। फोटो : हरिभूमि

### माजरा में हॉस्टल की दो महिला कुक को वाहन ने मारी टक्कर

**नारनौंद।** गांव माजरा में कस्तूरबा गांधी विद्यालय के हॉस्टल में कार्य करने वाली हॉस्टल की दो कुकों अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। दोनों की हालत गंभीर बताई जाती है। गांव माढ़ा निवासी रोशनी व सरोज ने बताया कि वह पिछले काफी सालों से गांव माढ़ा के कस्तूरबा गांधी स्कूल के हॉस्टल में कुक के पद पर तैनात है। शुक्रवार की सुबह छह बजे सड़क के किनारे टहलती हुई हॉस्टल में जा रही थी। तभी पीछे से एक गाड़ी आई और उसने पीछे से टक्कर मार दी टक्कर लगने से दोनों सड़क से दूर जा गिरी और गंभीर रूप से घायल हो गई। गाड़ी चालाक मौके से फरार हो गया। रोशनी का बड़ा बेटा अनिल भी मौके पर पहुंचा और दोनों को इलाज के लिए हांसी के सामान्य अस्पताल में भर्ती करवाया गया। डॉक्टरों ने उनकी गंभीर हालत को देखते हुए रोहतक पीजीआई रेफर कर दिया।

*अभिभावकों के लिए वर्कशॉप का आयोजन*

# विज्डम स्कूल में रोमांचक नाइट आउट कैंप लगाया

- अभिभावकों और स्कूल के बीच बेहतर संवाद बनाना ही उद्देश्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

सीआईसीएससी मान्यता प्राप्त विज्डम स्कूल में अभिभावकों के लिए वर्कशॉप तथा विद्यार्थियों के लिए नाइट आउट कैंप का आयोजन किया गया जिसका उद्देश्य अभिभावकों और स्कूल के बीच बेहतर संवाद स्थापित करना और बच्चों के सर्वांगीण विकास में अभिभावकों की भूमिका को और सशक्त बनाना था। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय संचालक हरिपाल पिलानिया द्वारा किया गया जिसमें बच्चों के भावनात्मक विकास ,सकारात्मक पालन -पोषण विषय पर और अभिभावकों का बच्चों के साथ संवाद बढ़ाने, स्क्रीन टाइम कम करने जैसे अनेक सुझाव दिए गए। साथ ही छात्रों के लिए एक रोमांचक नाइट आउट कैंप का आयोजन किया, जिसमें कई मजेदार आउटडोर गतिविधियाँ और टीम वर्क बढ़ाने वाले खेल शामिल थे।शाम की शुरुआत रंग-बिरंगे पैराशूट गतिविधि से हुई, जिसमें छात्रों ने मिलकर रंगीन पैराशूट को उठाने और खेल का आनंद लिया। स्कूल प्रधानाचार्या नीलम पिलानिया ने इस नाइट आउट कैंप के महत्व को बताते हुए कहा कि इस गतिविधि ने न केवल छात्रों को मनोरंजन प्रदान किया, बल्कि उनमें एकजुटता, अनुशासन और आनंद की भावना भी जगाई।



हिसार। खेलकूद प्रतियोगिता में हिस्सा लेते बच्चे। फोटो : हरिभूमि

---

## छात्रों को उनके अधिकारों से अवगत करवाया

# छाजू राम लॉ कॉलेज ने लगाया कानूनी जागरूकता शिविर




**हिसार।** छाजू राम लॉ कॉलेज ने शुक्रवार को भारतीय संविधान दिवस के उपलक्ष्य में एक कानूनी सहायता शिविर का आयोजन पीएम श्री राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल गंगवा में किया। यह कार्यक्रम जाट शिक्षण संस्थान के प्रेसिडेंट दिलदार सिंह पूनिया, सेक्रेटरी एडवोकेट परविंदर मलिक और कोषाध्यक्ष सागर सिवाच के सहयोग से सम्पन्न हुआ। प्राचार्य डॉ. कृष्ण कुमार काजल ने विद्यार्थियों को ये संदेश देकर बस से रवाना किया कि आज आप सभी लीगल एड कैंप के लिए रवाना हो रहे हैं। यह केवल एक शैक्षणिक गतिविधि नहीं, बल्कि समाज को समझने और लोगों की मदद करने का एक महत्वपूर्ण अवसर है। इस अवसर पर कॉलेज की सहायक प्रोफेसर डॉ. ज्योति बूरा और डॉ. संतोष कुमारी ने बच्चों को उनके अधिकारों से अवगत करवाया। बच्चों को उनके मूलभूत अधिकार, मौलिक अधिकार, कानूनी सहायता, बाल परिश्रम, यौन शोषण व शिक्षा की महत्ता आदि विषयों पर जागरूक किया।

**कार्यक्रम** सुप्रीम कोर्ट ने हिसार बार को विशेष निमंत्रण एवं पास जारी किए

# 136 अधिवक्ता होंगे सीजेआई सूर्यकांत के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल

- राष्ट्रपति भवन में 24 नवंबर को आयोजित होगा समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

राष्ट्रपति भवन में 24 नवंबर को आयोजित होने वाले भारत के 53वें मुख्य न्यायाधीश माननीय न्यायमूर्ति सूर्यकांत के शपथ ग्रहण समारोह में जिला बार एसोसिएशन हिसार के रिकॉर्ड 136 अधिवक्ता शामिल होंगे। सुप्रीम कोर्ट ऑफ इंडिया के प्रशासन द्वारा हिसार बार को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया है तथा सभी 136 अधिवक्ताओं के लिए विशेष पास जारी कर दिए गए हैं। बार लाइब्रेरी में शुक्रवार को ये विशेष पास और निमंत्रण पत्र जिला बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने संबंधित वकीलों को सौंपे। जिला बार एसोसिएशन के प्रधान एडवोकेट संदीप बूरा और सचिव एडवोकेट समीर भाटिया ने बताया कि न्यायमूर्ति सूर्यकांत का हिसार से गहरा नाता रहा है। उन्होंने अपने करियर की शुरुआत वर्ष 1984-85 में हिसार जिला न्यायालय में ही अधिवक्ता के रूप में की थी तथा लगभग छह माह तक यहां प्रैक्टिस की थी।

इस मौके पर जिला बार एसोसिएशन हिसार के प्रधान एडवोकेट संदीप बूरा, सचिव एडवोकेट समीर भाटिया, उपप्रधान एडवोकेट विकास पूनिया, सह-सचिव एडवोकेट सुनील भारद्वाज तथा कोषाध्यक्ष एडवोकेट सुनील सहदेव सोनी, वरिष्ठ अधिवक्ता महेंद्र नैन, जेएस मल्ही, मोहित अरोड़ा, अनेंद्र लोहरा, सुरेश शर्मा, धर्मपाल बांगड़, मीनू शर्मा, सुनीता सूरा, गरिमा जैन और बजरंग इंदल आदि उपस्थित रहे।



हिसार। निमंत्रण पत्रों के साथ जिला बार के पदाधिकारी व सदस्य। फोटो : हरिभूमि

### बास टोल प्लाजा पर बदमाशों ने की मारपीट, मामला दर्ज

**नारनौंद।** गांव बास में टोल प्लाजा पर स्कॉर्पियो में सवार होकर आए बदमाशों ने टोल पर कार्यरत कर्मचारियों के साथ मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया और मौके से फरार हो गए। पुलिस ने अज्ञात बदमाशों पर मामला दर्ज करके जांच शुरू कर दी है। फिलहाल इस मामले में किसी भी आरोपित की गिरफ्तारी नहीं हो पाई है। बास टोल पर कार्यरत मैनेजर बामनोली निवासी सचिन ने पुलिस को बताया कि 18 नवंबर की रात को करीब 10 बजे सफेद रंग की एक पिकअप गाड़ी टोल पर पहुंची उसने टोल देने पर आनाकानी की तो कर्मचारियों के साथ उसकी बहस हो गई। कुछ ही देर बाद जींद की तरफ से कुछ बदमाश स्कॉर्पियो गाड़ी में लाठी, डंडे और लोहे की रांड लेकर पहुंचे। और आते ही टोल कर्मचारियों के साथ मारपीट करनी शुरू कर दी। पूरी घटना सीसीटीवी फुटेज कमरे में कैद हो गई।



# हेलेन का जन्मदिन मनाने एकजुट हुआ खान परिवार

**मुंबई।** सलमान खान के परिवार में एक बार फिर खुशियों का दिन लौट चुका है। उनकी दूसरी मां हेलेन ने शुक्रवार को अपना जन्मदिन मनाया। ऐसे में पूरा खान परिवार एक बार फिर खास दिन को सेलिब्रेट करने के लिए एक साथ आया। हेलेन के जन्मदिन को खास मनाने के लिए कई सितारे पहुंचे। एवरग्रीन एक्ट्रेस रेखा भी हेलेन के इस खान दिन को और खास बनाने के लिए पहुंची हैं। इसके अलावा सलमान की मां सलमा खान को भी यहां देखा गया। अभिनेत्री के जन्मदिन के लिए कई सेलेब्स पार्टी में पहुंचे। लेखक और सलमान खान के पिता सलीम खान भी नजर आए। सलमान खान की मां सलमा खान भी अलग से इस पार्टी में पहुंचीं। सलमा का पार्टी में पहुंचना ये साफ दिखाता है कि उनके और हेलेन के बीच कितना प्यार है।

लाइफ Style

# रकुल

## अजय के साथ दोस्ती का रिश्ता नहीं रख सकती

रकुल प्रीत सिंह हाल ही में अजय देवगन के साथ फिल्म 'दे दे प्यार दे 2' में नजर आईं। बॉक्स ऑफिस पर यह फिल्म ठीक-ठाक कमाई कर रही है। हाल ही में उन्होंने खुलासा किया है कि वह इंडस्ट्री में नई नहीं है, इसके बावजूद उन्हें अजय देवगन के मुकाबले बहुत ही कम अनुभव है।

एजेंसी ▶▶| मुंबई

रकुल प्रीत सिंह ने बताया है कि वह अजय देवगन के साथ दोस्ती का रिश्ता क्यों नहीं रख सकती। बॉलीवुड एक बातचीत में रकुल प्रीत सिंह ने बताया 'मैं उनके साथ दोस्ती का रिश्ता नहीं रख सकती। मेरा उनका रिश्ता सम्मान वाला है। मेरे लिए वह अभी भी अजय देवगन हैं। वह सीनियर अभिनेता हैं और बहुत अच्छे इंसान हैं। मैं अजय देवगन को सम्मान के साथ संबोधित करती हूं।' अजय देवगन के साथ रकुल प्रीत सिंह दोस्त की तरह क्यों नहीं रह सकती, इस पर उन्होंने सफाई देते हुए कहा 'जो आपकी उम्र के या आपसे कम उम्र के एक्टर होते हैं, वह आपके दोस्त बन जाते हैं। अजय देवगन को मैं सर मानती हूं। मैं अपने आपको इंडस्ट्री में नई नहीं मानती, फिर भी मेरा उनसे कम अनुभव है।' अंशुल शर्मा के निर्देशन में बनी फिल्म 'दे दे प्यार दे 2' में रकुल प्रीत और अजय देवगन के अलावा आर माधवन, गौतमी कपूर, जावेद जाफरी, मीजान जाफरी और अर्जुन पांचाल जैसे कलाकार हैं। यह फिल्म सिनेमाघरों में 14 नवंबर को रिलीज हुई थी। इसमें बड़ी उम्र के पुरुष का छोटी उम्र की लड़की के साथ रोमांस दिखाया गया है। बॉक्स ऑफिस पर फिल्म ने अब तक 51.10 करोड़ रुपये का कलेक्शन कर लिया है।



## हॉलीवुड मसाला



# हॉलीवुड वॉक ऑफ फेम स्टार से सम्मानित

**लॉस एंजिल्स।** मार्वल सिनेमैटिक यूनिवर्स के फैंस के दिलों में दिवंगत चैडविक बोसमैन के लिए एक बेहद खास जगह है। पर्दे पर सुपरहीरो 'ब्लैक पैंथर' का रोल निभाने वाले चैडविक को 5 साल पहले 2020 में नासूर कैंसर ने हम सभी से छीन लिया। गुरुवार को चैडविक बोसमैन को 'हॉलीवुड वॉक ऑफ फेम' स्टार देकर सम्मानित किया गया है। इस मौके पर उनकी विधवा सिमोन लेडवर्ड-बोसमैन मौजूद रहीं। दिवंगत पति को मिले सम्मान को पाकर जहां सिमोन के चेहरे पर एक हंसी थी, वहीं आंखों में नमी और दिल की गहराई में दुख का सैलाब भी था। 'हॉलीवुड वॉक ऑफ फेम' के स्टार सेरेमनी में सिमोन लेडवर्ड-बोसमैन के साथ ही 'ब्लैक पैंथर' फिल्म के डायरेक्टर रयान कूगलर और एक्टर वियोला डेविस भी मौजूद थीं।



# मिस यूनिवर्स के स्टेज पर मुंह के बल गिरी मिस जमैका

**नई दिल्ली।** मिस यूनिवर्स 2025 के इवेंट के दौरान एक बड़ा हादसा हो गया। थाईलैंड में मिस यूनिवर्स 2025 की प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस हादसे में मिस जमैका को बुरी तरह से चोट लग गई है। ये हादसा फिनाले से सिर्फ दो दिन पहले 19 नवंबर को हुआ था, जिसका वीडियो अब खूब वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में मिस जमैका ऑरेंज कलर की बेहद खूबसूरत इवनिंग गाउन में हाई हील्स पहनकर वॉक करती नजर आ रही हैं। वो बहुत ही खूबसूरत लग रही हैं और बहुत आराम से वॉक कर रही हैं। मगर अचानक से चलते हुए वो स्टेज के किनारे पर पहुंच जाती हैं और बुरी तरह से नीचे गिर जाती हैं। मिस जमैका 28 साल की गैब्रिएल हैं। जिनका वीडियो देखकर हर कोई चौंक रहा है। गैब्रिएल का सिर्फ एक स्टेप मिस हो जाता है और वो गिर जाती हैं। इस वीडियो में दिखाया गया है कि इस घटना के बाद उन्हें तुरंत स्ट्रेचर पर स्टेज से ले जाते हैं। जो भी इस वीडियो को देख रहा है वो कमेंट करके मिस जमैका की तबीयत के बारे में पूछ रहा है। हर किसी को चिंता हो रही है कि उन्हें कहीं ज्यादा तो नहीं लग गई है। मिस यूनिवर्स जमैका ऑर्गनाइजेशन ने 19 नवंबर को इंस्टाग्राम पर पोस्ट शेयर करके इस हादसे के बारे में बताया है।



# बतौर निर्देशक नए जॉनर में हाथ आजमाने को तैयार

**मुंबई।** कोंकणा सेन शर्मा ने न सिर्फ एक अभिनेत्री बल्कि एक डायरेक्टर के तौर पर भी अपनी पहचान बनाई है। उन्होंने साल 2016 में आई फिल्म 'डेथ इन द गंज' का निर्देशन किया। वह 'लस्ट स्टोरीज 2' की सह-निर्देशक रहीं। अब एक्ट्रेस-डायरेक्टर ने अपने अगले डायरेक्टोरियल प्रोजेक्ट के बारे में अपडेट दी है। अपने अगले प्रोजेक्ट के बारे में जानकारी देते हुए कोंकणा सेन शर्मा ने बताया 'यह एक कॉमेडी शो है, जिसे मैं अपने कॉलेज के दोस्त जयदीप सरकार के साथ लिख रही हूं और इसका निर्देशन कर रही हूं। मैं इसे लेकर थोड़ी घबराई हुई हूं, लेकिन इसके साथ हमें मजा आने वाला है।' कई कलाकार अपने निर्देशन में बन रहे शो में काम करते हैं। ऐसे में कोंकणा सेन शर्मा से पूछा गया कि क्या वह अपने निर्देशन में बन रहे शो में काम करेंगी? इस पर उन्होंने कहा, 'मुझे नहीं लगता कि मैं इसमें बतौर अभिनेत्री काम करूंगी।



# युद्ध नहीं, कुर्बानी दिखाती है 120 बहादुर

**मुंबई।** फरहान अख्तर की फिल्म '120 बहादुर' का दर्शकों को काफी इंतजार था। यह फिल्म 21 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। फिल्म सच्ची घटना पर आधारित है। कई दर्शकों ने फिल्म को देखकर इस पर प्रतिक्रिया दी है। आइए जानते हैं दर्शकों को यह फिल्म कैसी लगी है? एक यूजर ने '120 बहादुर' और फरहान अख्तर की तारीफ की है। उन्होंने लिखा है 'क्या हम फरहान अख्तर की स्क्रीन प्रेजेंस के बारे में बात कर सकते हैं? हर फ्रेम, हर डायलॉग और हर झलक बहुत अच्छी है। इस फिल्म को सिर्फ उनके लिए देखा जाना चाहिए।' एक यूजर ने फिल्म की तारीफ की है। उन्होंने लिखा है '120 बहादुर फिल्म देखी। बिना हवा के सपोर्ट के 118 जवान -30 डिग्री में आखिरी सांस और आखिरी गोली तक लड़े। यह फिल्म युद्ध नहीं कुर्बानी दिखाती है।

## टीवी मसाला



# बिग बॉस के घर में आते ही तान्या के भाई ने किए कई खुलासे

**नई दिल्ली।** 'बिग बॉस 19' के फैमिली वीक में इस बार घर का माहौल तब और दिलचस्प हो गया जब तान्या मित्तल के भाई अमृतेश मित्तल शो में पहुंचे। जैसे ही वो घर में दाखिल हुए, तान्या भावुक हो गईं और उन्हें देखकर पहले पैर छुए फिर गले लगाया। लेकिन, असली कहानी तब शुरू हुई जब एक-एक कर घरवाले उनके सामने तान्या द्वारा शो के दौरान किए गए दावों को लेकर सवाल लेकर पहुंचने लगे। मेकर्स ने प्रोमो में दिखाया कि कैसे तान्या के भाई हर सवाल का जवाब शांत तरीके से दे रहे हैं और बहन के बचाव में साफ-साफ अपना पक्ष रखते दिख रहे हैं। शो के मेकर्स द्वारा अब तक कई प्रोमोज साझा किए गए हैं, जिनमें तान्या के भाई एक-एक सारे मुद्दों पर सफाई देते हुए नजर आ रहे हैं। 'बिग बॉस' के लाइव से वायरल हुए वीडियो में प्रणित किचन में लिफ्ट के दावे पर तान्या के भाई से सवाल पूछते हैं। इस पर तान्या के भाई कहते हैं कि हमारे ग्वालियर में ऊंची ऊंची बिल्डिंग्स नहीं हैं। ऐसे में बुजुर्गों के लिए घर में लिफ्ट बहुत आम तौर पर घरों में लगवाई जाती है। हमारे सारे रिश्तेदारों के घरों में ही ऐसा किया जाता है। इस दौरान साथ बैठीं तान्या भी यही बात दोहराते हुए नजर आती हैं। इसके बाद बातचीत फैक्ट्री वाले बयान पर पहुंची, जिसे लेकर भी घर में कई दिनों से सवाल उठते रहे थे। इस पर तान्या के भाई ने सरल शब्दों में समझाया कि उनके पिता का बिजनेस क्या है और कैसे लोग बिना पूरी जानकारी के बातें बना लेते हैं।

## मेरे दिल में एक डर बना हुआ है :दीपिका

**नई दिल्ली।** टीवी अभिनेत्री दीपिका कक्कड़ ने हाल ही में अपने यूट्यूब चैनल पर बहुत भावुक होकर बताया कि उन्हें लिवर कैंसर हो गया है। अभी उनकी सभी मेडिकल रिपोर्ट्स नॉर्मल आ रही हैं, लेकिन फिर भी वे हर दिन डर,



चिंता और शारीरिक परेशानियों से गुजर रही हैं। दीपिका ने कहा, 'कभी-कभी मैं बहुत खुश और उम्मीद से भरी रहती हूं, तो कभी अचानक डर लगने लगता है। मेरा दिल इतना कुछ सह नहीं पाता।' दीपिका ने बताया कि हर दिन कुछ नई समस्या आती हैं। कभी थायरॉइड बढ़ता-घटता है तो कभी हार्मोनल बदलाव होते हैं, त्वचा बहुत रूखी हो गई है, हाथ फट रहे हैं, कान-गले में दबाव और नाक में सूखापन रहता है। अपने पति शोएब इब्राहिम के साथ रिकॉर्ड किए इस वीडियो में दीपिका ने आगे कहा, 'यह सफर बहुत थकाऊ है, लेकिन हमें हार नहीं माननी है। हमारे पास सिर्फ दो रास्ते हैं। पहला या तो डर के साथ बैठ जाएं और दूसरा डर के साथ ही आगे बढ़ते रहें। मैं आगे बढ़ना चाहती हूं।' दीपिका ने इस वीडियो में उन सभी लोगों से कहा, जो कैंसर जैसी बीमारी से लड़ रहे हैं, 'हिम्मत मत हारो, खुद को बार-बार समझाओ कि सब ठीक हो जाएगा और अल्लाह पर पूरा भरोसा रखो।'

# इस एक्ट्रेस को प्रॉस्टिट्यूशन के लिए किया था मजबूर ठेले पर श्मशान घाट पहुंची थी उनकी लाश

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड स्टार्स की लाइफ जितनी आसान और लग्जरी दिखती है वैसी होती नहीं है। उन्हें काफी उतार-चढ़ाव देखने पड़ते हैं। अब हम आपको एक ऐसी एक्ट्रेस के बारे में बताने वाले हैं जिन्होंने पहले काफी सक्सेस एंजॉय की, लेकिन फिर एक वक्त ऐसा आया कि उन्होंने मनी और फेम सब गवा दिया। विमी को म्यूजिक डायरेक्टर रवि ने डिस्कवल किया और उस वक्त वह पहले से शादीशुदा थीं। दोनों के 2 बच्चे भी थे। एक बेटा और एक बेटी। विमी के पति ने उनका पूरा सपोर्ट किया और दोनों मुंबई शिफ्ट हो गए ,जहां विमी ने सुनील दत्त की फिल्म हमराज से डेब्यू किया था। दोनों ने साथ में आब्रू, पतंगा, गुड्डी समेत कई फिल्मों में साथ काम किया था। 1977 में विमी का लिवर की बीमारी की वजह से निधन हो गया। ऐसा कहा जाता है कि उनके निधन के वक्त कोई भी उनका अपना नहीं था और श्मशान घाट उन्हें ठेले पर लेकर गए।



### प्रेमी ने किया गलत इस्तेमाल

ऐसा कहा जाता है कि विमी को फिर एक फिल्म ब्रोकर से प्यार हो गया है था, लेकिन उसने विमी का गलत इस्तेमाल किया और उन्हें प्रॉस्टिट्यूशनके लिए मजबूर किया। उस टॉक्सिक रिलेशन से बाहर आने के बाद विमी ने फिर टेक्सटाइल बिजनेस शुरू किया। बिजनेस भी जब फेल हो गया तो विमी को अपना सारा सामान बेचना पड़ा और घर भी।

### लग्जरी लाइफ के बाद आया भूचाल

एक पॉइंट पर विमी का बड़ा घर था, लग्जरी गाड़ियां थी। उन्हें बॉलीवुड की सबसे खूबसूरत एक्ट्रेसेस में से एक माना जाता था। इतना ही नहीं, वह उस समय की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली एक्ट्रेसेस में से एक भी थीं। हालांकि विमी की ये शोहरत ज्यादा लंबी नहीं चली। रिपोर्ट्स के मुताबिक उनकी फिल्में फ्लॉप होने लगी और बात यहां तक आ गई कि वह सिर्फ मैगजीन के लिए फोटोशूट तक करती थीं।

### पर्सनल लाइफ में आया बड़ा बदलाव

ना सिर्फ प्रोफेशनल, बल्कि पर्सनल लाइफ में भी उनकी लाइफ में बड़ा तूफान आया। विमी अपने पति से अलग हो गई थीं। रिपोर्ट्स के मुताबिक विमी के निधन के बाद जारी एक श्रद्धांजलि लेख में यह भी बताया गया कि एक्ट्रेस घरेलू हिंसा का शिकार होती थीं।

# 'दो दीवाने सहर में' का फर्स्ट लुक जारी

**मुंबई।** संजय लीला भंसाली के प्रोडक्शंस के तहत बन रही फिल्म 'दो दीवाने सहर में' का पहला लुक सामने आया है। निर्माताओं ने सिद्धांत चतुर्वेदी और मृणाल ठाकुर की अदाकारी वाली इस फिल्म की रिलीज की तारीख का भी ऐलान किया है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर फर्स्ट लुक जारी करते हुए निर्माताओं ने लिखा 'दो दिल एक सहर, एक अपूर्ण रूप से पूर्ण प्रेम कहानी। इस वैलेंटाइन डे पर इश्क से इश्क हो जाएगा। दो दीवाने सहर में 20 फरवरी 2026 को रिलीज होगी।' जारी किए गए फर्स्ट लुक में सबसे पहले पानी में पड़ा पत्ता नजर आता है। इसके बाद दो चाय के साथ दो हाथ नजर आते हैं। फिर फूलों पर मंडराती तितलियां नजर आती हैं। इसके बाद पहाड़ों का दृश्य दिखता है।




### कई सेलेब्स ने किया लाइक

मेट्रो में एक व्यक्ति सफर करता नजर आता है। फिर पुल के पास बैठा एक जोड़ा नजर आता है। इसके बाद एक जोड़ा पानी में भीगता है। फिल्म के फर्स्ट लुक को कई सेलेब्स ने लाइक किया है और इस पर कमेंट किए हैं। अभिनेत्री संदीपा धर ने पोस्ट पर दिल वाला इमेज कमेंट किया है। फिल्म निर्देशक जोया अख्तर ने लिखा है 'सिड, मृणाल।' एक और यूजर ने लिखा है 'मुझे टाइटल पसंद आया। इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार है।'

## अजय की भोला से लेकर ऋतिक की विक्रम वेधा तक

# साउथ की ये रीमेक फिल्में बॉलीवुड में रहीं फ्लॉप

एजेंसी ▶▶| मुंबई

बॉलीवुड में अक्सर साउथ की फिल्मों के रीमेक बनते हैं। कई बार यह फिल्में इतनी कामयाब हो जाती हैं कि कमाई के मामले में ये ओरिजिनल फिल्म को पीछे छोड़ देती हैं। आज हम उन बॉलीवुड फिल्मों की बात करेंगे जो साउथ की कामयाब फिल्मों की रीमेक हैं। हालांकि, ये फिल्में बॉलीवुड में फ्लॉप रहीं।

### शहजादा

कार्तिक आर्यन और कृति सेनन स्टारर फिल्म 'शहजादा' (2023) में रिलीज हुई थी। यह फिल्म तेलुगु ब्लॉकबस्टर 'अला वैकुंठपुरमुलु' (अल्लू अर्जुन वाली) पर आधारित थी। यह फिल्म उस तरह से नहीं चल पाई जैसे इसने साउथ में परफॉर्म किया था। दर्शकों को तेलुगु मूवी में अल्लू अर्जुन का अभिनय और म्यूजिक पसंद आया, लेकिन 'शहजादा' को दर्शकों ने नकार दिया।



### विक्रम वेधा

'विक्रम वेधा' (2022) में ऋतिक रोशन और सैफ अली खान लीड रोल में थे। यह फिल्म 2017 की तमिल फिल्म 'विक्रम वेधा' का रीमेक थी। दोनों फिल्मों के निर्देशक एक ही थे। जहां साउथ में यह फिल्म अच्छी चली, वहीं बॉलीवुड में यह फ्लॉप रही। बताया जाता है कि रीमेक में असली फिल्म जैसी ओरिजनलिटी नहीं थी।

### भोला

दावा किया जा रहा था कि अजय देवगन की अदाकारी वाली फिल्म 'भोला' (2023), हिट साबित होगी। हालांकि, लोकेश कनगराज की तमिल फिल्म 'कैथी' से प्रेरित इस फिल्म को दर्शकों ने नकार दिया। भोला को वाइल्ड एक्शन फिल्म बताया गया था। जानकारों के मुताबिक इसमें स्टंट अच्छे थे, लेकिन असली सस्पेंस की कमी थी।



### देवा

शाहिद कपूर की अदाकारी वाली फिल्म 'देवा' 31 जनवरी, 2025 को रिलीज हुई थी। यह फिल्म मलयालम फिल्म 'मुंबई पुलिस' की रीमेक थी। बॉलीवुड में यह फिल्म फ्लॉप रही। देवा देखने में मजेदार थी, लेकिन स्क्रीनप्ले मजबूत नहीं था। फिल्ममेकर ने इसके आखिरी सीन को बदल दिया, जबकि दर्शक इसकी तुलना ओरिजिनल फिल्म से करते रहे।

### लवयापा

जुनैद खान और खुशी कपूर स्टारर 'लवयापा' 2022 की तमिल फिल्म 'लव टुडे' का हिंदी रीमेक थी। इसमें प्यार और भरोसे की थीम कुछ-कुछ तमिल फिल्म जैसी ही थी। 'लवयापा' बहुत यंग और ट्रेंडी लगी। क्रिटिक्स और ऑडियंस को यह ठीक-ठाक लगी। हालांकि, फिल्म बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप रही।

## खबर संक्षेप

### धोखाधड़ी मामले में दो युवक काबू, भेजे जेल

**नारनौंद।** थाना साइबर क्राइम पुलिस ने टेलीग्राम ग्रुप पर टास्क पूरा करने के नाम पर आठ लाख 50 हजार रुपए की धोखाधड़ी मामले में दो आरोपित युवकों को पकड़ने में सफलता हासिल की है। इनकी पहचान सुनील व देव निवासी हनुमानगढ़ राजस्थान के रूप में हुई है।

### जमानतियों की शिनाख्त करवाने वाला गिरफ्तार

**हांसी।** अनाज मंडी चौकी पुलिस ने फर्जी जमानतियों की शिनाख्त करवाने वाले आरोपी मसूदपुर निवासी अजय को गिरफ्तार किया है। चौकी प्रभारी सब इंस्पेक्टर भीम सिंह ने बताया कि पकड़े गए आरोपी ने वर्ष 2024 में झाली दस्तावेज देकर व फर्जी जमानतियों की शिनाख्त की थी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश करके आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

### साइंस प्रोजक्ट प्रदर्शनी में छाए डीपीएस के विद्यार्थी

**हिसार।** गुरुग्राम में आयोजित सीबीएसई रीजनल साइंस प्रोजेक्ट एग्ज़िबिशन 2025 में दिल्ली पब्लिक स्कूल, हिसार के छात्रों ने अपनी प्रतिभा और शोध कौशल से सभी का ध्यान आकर्षित किया। डीपीएस के कक्षा आठवीं के छात्र अखिल, विवान और कक्षा नौवीं के छात्र केशव एवं मोनिष ने अपने मेंटर डॉ. विकास शर्मा के मार्गदर्शन में प्रतियोगिता में भाग लिया।

### राहुल सोरखी बने हिसार एएसएपी के जिला प्रधान

**हिसार।** जिले के सक्रिय युवा नेतृत्वकर्ता और सामाजिक सरोकारों में निरंतर जुड़े रहे छात्र नेता राहुल सोरखी को एएसएपी ( एसोसिएशन ऑफ स्टूडेंट्स फॉर अल्टरनेटिव पॉलिटिक्स ) आप छात्र संगठन का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। संगठन के पदाधिकारियों, कॉलेज प्रतिनिधियों और छात्र कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया है।

### 25 बपशुओं पकड़कर भेजा गो-अभ्यारण

**हिसार।** नगर निगम द्वारा बेसहारा पशुओं को पकड़ने का अभियान की निरंतर जारी हैं। एएसआई संदीप कुमार ने बताया कि टीम ने शुक्रवार को सेक्टर 9-11, आजाद नगर से बेसहारा पशु पकड़ने का अभियान चलाया गया। इस दौरान टीम ने 25 बेसहारा पशुओं को पकड़कर गौ-अभ्यारण में भेजा गया। बेसहारा पशु पकड़ने वाली टीम के साथ ऑफिस सहायक सुरेन्द्र वर्मा सहित पुलिस विभाग की टीम भी मौजूद रही।

### जाट कॉलेज के एनसीसी कैडेट्स ने जीते पुरस्कार

**हिसार।** 77वें एनसीसी दिवस के अवसर पर नंबर वन हरियाणा एयर स्क्वाड्रन के तत्वावधान में कैडेट्स के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें छाजूराम मैमोरियल जाट कॉलेज के एनसीसी एयर विंग कैडेट्स ने विभिन्न पुरस्कार जीते।

### नशे को खत्म करने के लिए युवा आगे आएं

**नारनौंद।** गांव उगालन के सीनियर सेकेंडरी स्कूल में बास गांव के नव युवा जागृति मंच ट्रस्ट द्वारा एक नशा मुक्ति, स्वास्थ्य और शिक्षा को लेकर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर डीएसपी देवेंद्र नैन और बास थाना प्रभारी बलवान सिंह ने शिरकत की। डीएसपी ने छात्रों को नशे के बारे बताकर छात्रों को नशे से दूर रहने की शपथ दिलवाई।

### मेधावी छात्रों को कृष्णा देवी स्कॉलरशिप दी

**उकलाना।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय चमारखेड़ा में कृष्णा देवी स्कॉलरशिप वितरण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में अंतरराष्ट्रीय कबड्डी खिलाड़ी कृष्ण गोदारा मुख्य अतिथि रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता कृष्णा देवी गुरुकुल इंटरनेशनल स्कूल के निदेशक अभिषेक धायल, प्राचार्य जय प्रकाश पांडेय ने की।

---

राजकीय कॉलेज बना उप विजेता

# आरएम जाट कॉलेज बना वार्षिक खेल प्रतियोगिता का चैंपियन

महाराणा प्रताप स्टेडियम में हुए आयोजन के समापन समारोह में भारतीय ओलम्पिक संघ के सदस्य एचएस भादू रहे मुख्यातिथि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार



हिसार। सीआरएम जाट कॉलेज की विजेता टीम को सम्मानित करते मुख्यातिथि एचएस भादू एवं कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई।

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में हुई तीन दिवसीय इंटर कॉलेज वार्षिक खेल प्रतियोगिता शुक्रवार को संपन्न हो गई। विश्वविद्यालय के महाराणा प्रताप स्टेडियम में हुए समापन समारोह में भारतीय ओलम्पिक संघ के सदस्य एवं हरियाणा एथलेटिक्स के वरिष्ठ उपाध्यक्ष एचएस भादू मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे जबकि अध्यक्षता कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने की। कुलसचिव डा. विजय कुमार विशिष्ट अतिथि रहे। विश्वविद्यालय के महाराणा प्रताप स्टेडियम में हुई इस खेल प्रतियोगिता में पुरूष तथा महिला वर्गों में सीआरएम जाट कॉलेज चैंपियन बना जबकि राजकीय महाविद्यालय रनरअप रहा पुरूष वर्ग में बेस्ट एथलीट सीआरएम जाट कॉलेज का छात्र सुनील कुमार तथा महिला वर्ग में बैस्ट एथलीट कोमल, सीआरएम जाट कॉलेज रही।

#### ये रहे प्रतियोगिताओं के परिणाम

तीसरे दिन हुई खेल प्रतियोगिताओं में महिला वर्ग की 5000 मीटर दौड़ में एसडी महिला माविद्यालय हांसी की अंजू प्रथम स्थान तथा एफसी महाविद्यालय हिसार की सरोज ने दूसरा स्थान प्राप्त किया जबकि तीसरा स्थान एफसी महाविद्यालय की मीनाक्षी ने प्राप्त किया। पुरुष वर्ग में सुमित सीआरएम जाट कॉलेज ने प्रथम, रोहित ने दूसरा तथा विकास ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। इसी तरह 4 गुणा 400 रिले रेस पुरूष वर्ग में सीआरएम जाट कॉलेज प्रथम तथा राजकीय महाविद्यालय हिसार दूसरे स्थान पर, महिला वर्ग में सीआरएम जाट कॉलेज प्रथम तथा राजकीय महाविद्यालय हिसार दूसरे स्थान पर रहा।

#### विधार्थी कोई भी विषय चुनें, उसमें मन लगा कर मेहनत करें : भादू

मुख्य अतिथि एसएच भादू ने इस अवसर पर अपने संबोधन में कहा कि विधार्थी कोई भी विषय चुनें मन लगा कर मेहनत करें। सफलता रातों रात नही मिलती इसके लिए कठिन परिश्रम और धैर्य की आवश्यकता होती है। इस मौके पर डीन स्पोर्टस प्रो. आशीष अग्रवाल, खेल निदेशक एसबी लूथरा, सहायक खेल निदेशक गंगादत्त भादू, कोच ओपी भादू आदि मौजूद रहे।

#### हैमर थ्रो में सोनिका प्रथम

हैमर थ्रो महिला वर्ग सोनिका एसडी महाविद्यालय हांसी प्रथम, भावना ने दूसरा तथा सोनिया ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। पुरुष वर्ग में जाट महाविद्यालय के छात्र तनिष्क ने पहला, यूटीडी के विवेक ने दूसरा तथा राजकीय महाविद्यालय के छात्र राजगोवर्धन सिंह ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। 200 मीटर दौड़ महिला वर्ग में जाट महाविद्यालय की छात्रा ईशा ने पहला, चेतना ने दूसरा तथा एसडी महिला महाविद्यालय की छात्रा नीशु ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। पुरुष वर्ग में जाट महाविद्यालय के छात्र राहुल ने पहला, सुनील कुमार ने दूसरा तथा हिमांशु ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

---

# जेएसएल की हिसार यूनिट को मिला मैन्युफैक्चरिंग में प्लैटिनम पुरस्कार

■ 18वें नेशनल कॉम्पिटिटिवनेस एंड क्लस्टर समिट 2025 में एनर्जी एक्सीलेंस-लार्ज (मैन्युफैक्चरिंग) श्रेणी में मिला सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार




हिसार। अवॉर्ड प्राप्त करती जिंदल स्टेनलेस की हिसार यूनिट टीम। फोटो: हरिभूमि

भारत की अग्रणी स्टेनलेस स्टील निर्माता कंपनी जिंदल स्टेनलेस के हिसार यूनिट को 18वें नेशनल कॉम्पिटिटिवनेस एंड क्लस्टर समिट 2025 में एनर्जी एक्सीलेंस-लार्ज (मैन्युफैक्चरिंग) श्रेणी में प्लैटिनम पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार दिखाता है कि जिंदल स्टेनलेस हिसार प्लांट संसाधनों के जिम्मेदार उपयोग, पर्यावरण के अनुकूल तौर-तरीकों और ऊर्जा के बेहतर इस्तेमाल के जरिए एक सतत औद्योगिक भविष्य को आकार देने के लिए प्रतिबद्ध है। जिंदल स्टेनलेस ने अपने हिसार प्लांट में डीकार्बोनाइजेशन को आगे बढ़ाने के लिए कई मज़बूत कदम उठाए, जैसे प्रक्रिया सुधार, टिकाऊ मॉडल को उत्पादन में शामिल करना, और नवाचार आधारित पहल करना। ये सभी पहलू 2050 तक कार्बन एमिशन स्तर को नेट जीरो तक ले जाने के कंपनी के लक्ष्य में शामिल हैं। हिसार टीम की प्रस्तुति ने कई दिग्गज औद्योगिक प्रतिभागियों के बीच अपनी स्पष्ट सोच और ठोस कार्ययोजनाओं के कारण अलग पहचान बनाई।

---

हांसी सिविल कोर्ट का आदेश किया रद्द

# खरबला में तीन साल पहले चुनाव में जीती स्वाति बनी रहेंगी सरपंच

■ फर्जी वोटिंग का आधार मानकर चुनाव को अवैध घोषित किया था

**नारनौंद।** गांव खरबला के सरपंच चुनाव को लेकर करीब तीन साल से चल रहा विवाद में अब नए मोड़ पर पहुंच गया है। हिसार सेशन कोर्ट ने हांसी सिविल कोर्ट द्वारा दिया गया वह आदेश रद कर दिया है, जिसमें मृतकों और बाहर रहने वाले लोगों के नाम पर फर्जी वोटिंग का आधार मानकर सरपंच चुनाव को अवैध घोषित किया गया था। गौरतलब है कि नवंबर 2022 में हुए सरपंच चुनाव में स्वाति देवी विजयी रही थीं। चुनाव परिणाम के बाद पराजित उम्मीदवार सुनीता देवी ने हांसी कोर्ट में याचिका दायर कर आरोप लगाया था कि चुनाव में 3–4 मृतकों के नाम पर वोट डाले गए और 25–30 वोट ऐसे लोगों के नाम से पोल हुए जो उस समय गांव में मौजूद ही नहीं थे। हांसी कोर्ट ने इन तर्कों को आधार मानकर चुनाव को रद कर दिया था, लेकिन अब सेशन कोर्ट ने स्थिति बदल दी है। सरपंच प्रतिनिधि हरिओम के अनुसार, जज ने फैसले में कहा कि याचिका कानूनी समय सीमा के भीतर दाखिल नहीं की गई थी।

### शिविर में 602 लोगों ने किया रक्तदान

**हांसी।** कृष्णा कॉलोनी स्थित गायत्री विद्या मन्दिर स्कूल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर में 602 युनिट रक्त एकत्रित किया गया। प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के प्रधान रविन्द्र अत्री ने बताया कि रक्तदान शिविर का आयोजन उनके पिता राजकुमार अत्री के जन्मदिन के उपलक्ष में किया गया था। उन्होंने बताया कि रक्तदान शिविर का शुभारंभ डीएसपी विनोद शंकर द्वारा रिबन काट कर किया गया तथा विधायक विनोद भयाना ने शिविर में मुख्यातिथि के रूप शिरकत की और लक्की ड्रा के विजेताओं को इलेक्ट्रिक स्कूटी, मोबाइल फोन और एलईडी टीवी भेंट किए।

---

# मार्केट कमेटी के चेयरमैन, वाइस चेयरमैन ने किया पदभार ग्रहण

■ पदभार ग्रहण समारोह में विधायक विनोद भयाना रहे मुख्यातिथि



हांसी। मार्केट कमेटी के नवनियुक्त प्रधान दिनेश धवन तथा उप प्रधान सुरजीत गुर्जर पदभार ग्रहण करते हुए।

**हांसी।** मार्केट कमेटी के नवनियुक्त चेयरमैन दिनेश धवन तथा वाइस चेयरमैन सुरजीत गुर्जर ने शुक्रवार को अनाज मंडी स्थित मार्केट कमेटी कार्यालय में पदभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण समारोह में विधायक विनोद भयाना ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत तथा समारोह की अध्यक्षता एसडीएम राजेश खोथ ने की। इस अवसर पर नई सब्जी मंडी में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह विधायक विनोद भयाना ने नवनियुक्त चेयरमैन धवन तथा उपाध्यक्ष गुर्जर तथा अन्य सदस्यों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। समारोह में मंडी सचिव अमित रोहिल्ला, नगर परिषद के अध्यक्ष प्रवीण इलाहाबादी, तहसीलदार अनिल कुमार, राजपाल यादव, सब्जी मंडी आढ़ती एसोसिएशन के प्रधान अनिल चावला, जय सिंह पाली, नवीन ठाकुर, कुलबीर अहलावत, श्याम सुंदर सैनी सहित अनेकों गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

---

# आरपीएस स्कूल के छात्रों ने किया राखी गढ़ी संग्रहालय का शैक्षणिक भ्रमण

■ विद्यार्थियों को जीवन में मानवीय मूल्यों का महत्व बताया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी



हांसी। राखी गढ़ी संग्रहालय का शैक्षणिक भ्रमण करते स्कूली बच्चे। फोटो: हरिभूमि

आरपीएस पब्लिक स्कूल, हांसी के छठी कक्षा के विद्यार्थियों को जीवन में मानवीय मूल्यों का महत्व बताने के लिए हांसी के शिवशक्ति अनाथ आश्रम में एक प्रेरणादायक और भावात्मक भ्रमण करवाया गया। इस भ्रमण का उद्देश्य आश्रम के बच्चों के साथ समय बिताना और उनकी जरूरतों को समझ कर उन्हें समर्थन प्रदान करना था।

विद्यालय प्रबंधक कमेटी व विद्यार्थियों द्वारा आश्रम के बच्चों में गर्म कपड़े किताबें बैग व अन्य आवश्यक वस्तुएं वितरित की गई। इसके उपरांत जिले में स्थित सिंधु घाटी सभ्यता के लिए प्रसिद्ध संग्रहालय व प्राचीन स्थल राखी गढ़ी का एक ज्ञानवर्धक और रोमांचक शैक्षणिक भ्रमण किया। इस भ्रमण का उद्देश्य छात्रों को विश्व की सबसे पुरानी सभ्यताओं में से एक सिंधु घाटी सभ्यता के बारे में प्रत्यक्ष ज्ञान प्रदान करना था। छात्रों ने राखी गढ़ी में मिले टीलों और पुरातात्विक अवशेषों को करीब से देखा। सामाजिक विज्ञान अध्यापिका ज्योति लोहान ने छात्रों को राखी गढ़ी के महत्व, यहां हुई खुदाई और सभ्यता के रहस्यों के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

---

# पुलिस ने किया संगठित अपराध व असामाजिक तत्वों पर प्रहार : एसपी

■ पुलिस अधीक्षक ने दिया ऑपरेशन ट्रैकडाउन के तहत मिली उपलब्धियों का ब्यौरा



पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन।

**हिसार।** पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन ने कहा है कि कि ऑपरेशन ट्रैकडाउन के तहत जिला पुलिस ने संगठित अपराध, गैंगस्टर गतिविधियों, असामाजिक तत्वों एवं अवैध हथियारों पर व्यापक और सख्त अभियान चलाते हुए महत्वपूर्ण सफलताएं हासिल की हैं। 5 से 20 नवंबर तक चलाए गए इस अभियान के तहत पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए संगठित अपराध व असामाजिक तत्वों पर निर्णायक प्रहार किया है। पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने बताया कि इस अभियान का मुख्य फोकस अपराधियों की गिरफ्तारी, अवैध असलों की बरामदगी और संभावित जघन्य अपराधों की रोकथाम रहा। अभियान के दौरान कुल 255 विभिन्न मामलों के आरोपी गिरफ्तार किए गए। इसमें पुलिस ने 31 चिन्हित/मोस्ट वांटेड अपराधी व विभिन्न मामलों के कुल 224 अन्य अपराधी गिरफ्तार किए।

---

# एसडी कन्या विद्यालय की छात्राओं ने प्रतियोगिता में पाया तृतीय स्थान

■ अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव के अंतर्गत जिला स्तरीय प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी




हांसी। अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव में छात्राओं को सम्मानित करते आयोजन समिति सदस्य। फोटो: हरिभूमि

श्री सनातन धर्म कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की प्रतिभाशाली छात्राओं ने एक बार फिर विद्यालय व हांसी का नाम गौरवान्वित किया है। विद्यालय प्राचार्या रेणु बंसल ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव के अंतर्गत आयोजित जिला स्तरीय प्रतियोगिता में विद्यालय की छात्राएं चाहत व लक्ष्मी ने संवाद प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय प्राचार्या ने छात्राओं की इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि यह सफलता निरंतर परिश्रम, अनुशासन और शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है। विद्यालय संरक्षक सज्जन कुमार अग्रवाल, अध्यक्ष प्रीतम कुमार गोयल, प्रबंधक रजत कुमार अग्रवाल, सचिव नकुल कुमार अग्रवाल, सहसचिव ईश्वर कुमार गोयल ने छात्राओं, अभिभावकों व विद्यालय स्टाफ को बधाई दी।

---

### नर्सिंग कॉलेज प्रबंधन पर छात्रा ने लगाए उत्पीड़न के आरोप

**नारनौंद।** खेड़ी चौपटा स्थित चौधरी भागमल नर्सिंग कॉलेज के निदेशक, प्रिंसिपल व स्टाफ पर एक छात्रा ने गंभीर आरोप लगाए हैं। नलवा निवासी नर्सिंग छात्रा तुलसी ने इस संबंध में नारनौंद थाना में केस दर्ज करवाकर कॉलेज प्रबंधन पर 2.50 लाख रुपये से अधिक फीस वसूली, स्कॉलरशिप हड़पने, जातिसूचक अपशब्द कहने, धमकाने और मानसिक उत्पीड़न के आरोप लगाए हैं। छात्रा तुलसी ने आरोप लगाया है कि दाखिले के समय कॉलेज निदेशक ने 2.65 लाख रुपये फीस बताई। बाद में क्लर्क अजीत और अन्य कर्मचारियों ने दबाव बनाकर उसके हस्ताक्षरशुदा तीन चेक भी ले लिए।

---

# मार्केट कमेटी बरवाला के चेयरमैन एवं वाइस चेयरमैन ने संभाला कार्यभार

■ कैबिनेट मंत्री रणबीर सिंह गंगवा और प्रदेश महामंत्री सुरेंद्र पुनिया ने ग्रहण करवाया कार्यभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बरवाला



बरवाला। कैबिनेट मंत्री रणबीर सिंह गंगवा, प्रदेश महामंत्री सुरेंद्र पुनिया नवनियुक्त चेयरमैन और वाइस चेयरमैन को दायित्व ग्रहण करवाते हुए। फोटो: हरिभूमि

कैबिनेट मंत्री रणबीर सिंह गंगवा मार्केट कमेटी बरवाला के चेयरमैन प्रवीण सैनी एवं वाइस चेयरमैन रोशन घनघस के दायित्व ग्रहण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे।

उन्होंने दोनों पदाधिकारियों को बधाई देते हुए उनके सफल कार्यकाल की कामना की। उन्होंने कहा कि बरवाला की मंडी न सिर्फ इस क्षेत्र की बल्कि पूरे प्रदेश की महत्वपूर्ण मंडियों में से एक है, जिसे और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए टीमवर्क और पारदर्शी कार्यप्रणाली आवश्यक है। इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री सुरेंद्र पुनिया, मेयर प्रवीण पोपली, हांसी जिलाध्यक्ष अशोक सैनी, पूर्व मंत्री अनूप धानक, पूर्व चेयरमैन सतबीर वर्मा, बरवाला नगरपालिका के चेयरमैन रमेश बैटरीवाला, पूर्व चेयरमैन रणधीर सिंह धीरू, प्रवीण जैन, मुनीश गोयल, मोनू संदूजा आदि मौजूद थे।

---

### महारानी लक्ष्मीबाई कॉलेज में मनाया एनसीसी दिवस...



हिसार। भिवानी रोहिल्ला स्थित महारानी लक्ष्मीबाई कॉलेज में एनसीसी दिवस मनाया गया । इस अवसर पर 3 हरियाणा गर्ल्स बटालियन एनसीसी से जुड़े एनसीसी कैडेट्स ने जल निकायों की सफाई अभियान चलाया गया। गुरु जम्भेश्वर युनिवर्सिटी स्थित 3 हरियाणा गर्ल्स बटालियन एनसीसी हिसार के कमांडिंग आफिसर कर्नल ज्ञान प्रकाश पांडे के निर्देशन में एनसीसी कैडेट्स ने इस अभियान में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। इस अभियान के अंतर्गत भिवानी रोहिल्ला के कुछ जल निकायों की सफाई की गई। महाविद्यालय चेयरमैन भारत भूषण प्रधान ने कैडेट्स को संबोधित करते हुए कहा कि जल निकायों की साफ–सफाई न केवल पेयजल गुणवत्ता में सुधार लाती है, बल्कि जैव–विविधता के संरक्षण तथा जलभराव की समस्या को कम करने में भी सहायक है। कार्यक्रम का सफल संचालन एनसीसी अधिकारी लैं गुंजन शर्मा के मार्गदर्शन में किया गया।

---

**बैठक** निगमायुक्त ने अधिकारियों के साथ संबंधित चुनौतियों पर की चर्चा

# अब नगर निगम की टीम करेगी पशु डेयरियों से गोबर का उठान कार्य

कुछ लोग सड़कों नालियों और सीवरेज लाइन में गोबर बहाने से नहीं आ रहे बाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार



हिसार। बैठक की अध्यक्षता करते नगर निगम आयुक्त नीरज।

नगर निगम क्षेत्र में स्थित पशु डेयरियों से उत्पन्न होने वाले गोबर के उचित प्रबंधन की कड़ी में नगर निगम ने ही अपने क्षेत्र से पशु डेयरियों से गोबर का उठान करने का निर्णय लिया है। इस संबंध में नगर निगम अधिकारियों ने शहर की स्वच्छता व्यवस्था और गोबर निपटान से संबंधित चुनौतियों पर विस्तृत चर्चा योजना बनाई है। इस संबंध में नगर निगम कार्यालय के मुख्य सभागार में निगम आयुक्त नीरज की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में अतिरिक्त आयुक्त शालिनी चेतल, अतिरिक्त निगम आयुक्त डॉ. प्रदीप हुड्डा, एमई अमित बेरवाल, सीएसआई राजकुमार समेत सभी एएसआई उपस्थित रहे। निगमायुक्त नीरज ने बताया कि शहर में लगभग 450 पशु डेयरियां संचालित हो रही हैं। इसके अतिरिक्त कई पशुपालक अपने घरों में भी पशु रखते हैं, जिससे प्रतिदिन बड़ी मात्रा में गोबर उत्पन्न होता है। कुछ लोग इस गोबर का पारंपरिक तरीकों से उपयोग कर लेते हैं, लेकिन कई जगहों पर इसे सड़कों, नालियों और सीवरेज लाइनों में बहा दिया जाता है।

**एजेंसी 7 ट्रैक्टर-ट्राली से शुरू करेगी गोबर उठान का कार्य**
निगमायुक्त ने बताया कि प्रारंभिक चरण में सात ट्रैक्टर-ट्रॉली एक एजेंसी से ली गई हैं, जो डेयरियों से नियमित रूप से गोबर उठाने का कार्य करेंगी। यदि आवश्यकता पड़ी तो ट्रैक्टर-ट्रॉलियों की संख्या बढ़ाई जाएगी ताकि किसी भी क्षेत्र में सेवा प्रभावित न हो और सभी डेयरियों से समय पर गोबर का उठान सुनिश्चित किया जा सके।

**प्रत्येक ट्रैक्टर-ट्रॉली के लिए अलग-अलग रूट मैप तैयार**
नगर निगम की टीम द्वारा पूरे शहर की डेयरियों का सर्वे पूरा कर लिया गया है। सर्वे के आधार पर प्रत्येक ट्रैक्टर-ट्रॉली के लिए अलग-अलग रूट मैप तैयार किए गए हैं, जिसके अनुसार निर्धारित समय पर डेयरियों से गोबर उठाया जाएगा। निगमायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि रूट मैप के अनुसार समयबद्ध तरीके से कार्य किया जाए।

**शहरवासियों से सहयोग की अपील :** यह पहल केवल स्वच्छता मिशन को आगे बढ़ाने की दिशा में एक कदम नहीं है, बल्कि शहर को गंदगी से मुक्त करने के लिए एक व्यापक प्रयास है। शहरवासियों से सहयोग की अपील है।
-प्रवीण पोपली, मेयर